समितियों की रिपोर्ट पर सदन में हो चर्चा ताकि विधायकों की रुचि में वृद्धि हो सकें : देवनानी

देवनानी ने समिति की अगली बैठक को राजस्थान में किये जाने के प्रस्ताव को लेकर बैठक में चर्चा की

जयपुर। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को भोपाल स्थित मध्यप्रदेश विधान सभा में आयोजित समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के विधान मण्डलों की समितियों की सुदृढता की समीक्षा के लिए सात विधान सभा अध्यक्षों की एक समिति का गठन किया है। देवनानी इस समिति के सदस्य है। यह समिति देश के विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं में गठित समितियों का तुलनात्मक अध्ययन कर विधान सभा समितियों की सुदृढता के लिए एक रिपोर्ट तैयार कर रही है। इस समिति में राजस्थान विधान सभा के साथ मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और ओडिसा विधान सभा के अध्यक्ष भी शामिल है। यह समिति रिपोर्ट को लोकसभा अध्यक्ष को प्रस्तुत करेंगी।देवनानी ने समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की अगली बैठक को राजस्थान में किये जाने का प्रस्ताव रखा। देवनानी के इस प्रस्ताव पर बैठक में चर्चा के बाद स्वीकार किया गया। देवनानी ने कहा कि समितियों में चार-पाँच वर्ष पुराने मामलों का परीक्षण होता है।

वासुदेव देवनानी (बीच में) ने मध्यप्रदेश विधान सभा में समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने सुझाव दिया कि समितियों द्वारा निकटस्थ वर्षों के मामलों का परीक्षण किया जाना चाहिए ताकि समितियों के सुझावों की क्रियान्विति के लिये उसी वर्ष के बजट में समावेश के अवसर मिल सकें। देवनानी ने कहा कि समितियों की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति को बढायें जाने के लिये सदस्यों के वर्चुअली/ऑनलाइन जुडने पर विचार किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि समितियों की बैठकों में सदस्यों के ऑनलाइन जोडे जाने से उनके कार्यों की गोपनीयता के परिणामों पर गंभीरता से सोचना चाहिये। देवनानी का मानना था कि ऑनलाइन बैठक से सदस्यों की उपस्थिति निश्चित रूप से बढ़ेगी लेकिन हमें समिति के कार्यों की गोपनीयता में अधिक सर्तकता बरतनी होगी।

■ 'विधान सभा समितियाँ सदन का लघु रूप, सदस्यों का चयन का आधार दलीय के साथ-साथ योग्यता भी हो'

विधान सभा में वर्तमान में 17 समिलियाँ कार्यरत हैं। कुछ समितियों जिनका कार्य अपेक्षाकृत सीमित था, उन्हें अन्य अधिक सक्रिय समितियोंमें सृजनात्मक रूप से विलय कर पुनर्गठित किया गया है जैसे पुस्तकालय समिति को सरकारी आश्वासन समिति में और सदाचार समिति को याचिका समिति में समाहित किया गया है, जिससे समितियों का समेकित और प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके। देवनानी ने कहा कि समितियां सदन का लघु रूप होती है। समितियों की बैठकों से सदन का समय बच जाता है, जो महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा में लगाया जा सकता है।

दुगना टोल वसूलने पर लगाया हर्जाना

जयपुर । जयपुर मेट्रो-प्रथम की स्थाई लोक अदालत ने नेशनल हाइवे पर फास्टैग कार्ड होते हुए भी वाहन चालक से दुगना टोल वसूलने को गंभीर सेवा दोष व अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस माना है। इसके साथ ही अदालत ने एनएचएआई सहित सिकंदरा व राजधोक टोल प्लाजा प्रबंधक पर 22 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। वहीं ज्यादा वसूली टोल राशि 125 रुपए भी परिवाद दायर करने की तारीख 28 जुलाई 2020 से 7 प्रतिशत ब्याज सहित देने का निर्देश दिया है। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष मनोज कुमार सहरिया ने यह आदेश परिवादी विजय पाठक के परिवाद पर दिया।

13 दिसंबर 2019 को परिवादी जयपुर से हिंडौन गया था। रास्ते में उसने राजधोक टोल प्लाजा पर 60 रुपए टोल के दिए। हिंडौन से वापस 16 दिसंबर को जयपुर आते समय सिकंदरा टोल प्लाजा पर उसके फास्टैग में बैलेंस नहीं होने का हवाला देकर उससे टोल के 65 रुपए की बजाय दुगनी टोल राशि 130 रुपए वसूले। इस कार्रवाई को परिवादी ने स्थाई लोक अदालत में चुनौती दी। विपक्षी ने कहा कि यह मामला अदालत के क्षेत्राधिकार में नहीं है। जवाब में विपक्षी ने कहा कि यदि फास्टैग कार्ड नहीं होते हुए कोई वाहन चालक फास्ट टैग लाइन में आता है तो उससे दुगनी टोल राशि ली जाती है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर कहा कि विपक्षी दुगनी टोल राशि वसूलने का स्पष्ट कारण नहीं बता पाए हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि परिवादी से फास्टैग व उसमें बैलेंस होते हुए भी ज्यादा टोल वसूला है, यह गलत है।

■ अदालत ने एनएचएआई सहित सिकंदरा व राजधोक टोल प्लाजा प्रबंधक पर 22 हजार रुपए हर्जाना लगाया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सावन के पहले सोमवार को गलता तीर्थ में विशेष पूजन किया।

फैक्ट्री से केबल चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्टील फैक्ट्री से केबल-तार चोरी करने वाले तीन बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से चुराया गया केबल-तार भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्टील फैक्ट्री से केबल-तार चोरी करने वाले जहीर मियां (30) निवासी सिरोंज जिला विदिशा(मध्य प्रदेश) हाल जगतपुरा जयपुर, अजहर कुरैशी (20) निवासी खोह नागोरियान जयपुर और उदयभान सिंह (25)निवासी सिरोंज जिला विदिशा (मध्य प्रदेश) हाल जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

जिनके पास से प्रताप नगर स्थित स्टील फैक्ट्री से चुराया गया केबल-तार भी जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

दस्तावेजों के दुरुपयोग से सावधान: धोखाधड़ी से बचने के लिए पुलिस की एडवाइजरी जारी

जयपुर। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने पहचान (आईडी) दस्तावेजों के गलत इस्तेमाल से होने वाली साइबर धोखाधड़ी को लेकर आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह के अनुसार साइबर अपराधी अब एक नई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। नई सिम लेने के लिए सिम विक्रेताओं को आपके द्वारा दिये गए दस्तावेजों को साइबर अपराधी मोबाइल सिम विक्रेताओं की मिलीभगत से या अन्य तरीकों से प्राप्त कर लेते है। आपके इन केवाईसी/दस्तावेजों की प्रतियों का दुरुपयोग कर कई मोबाइल सिम कार्ड जारी करवा लेते हैं। इतना ही नहीं कई बार तो इन दस्तावेजों का उपयोग कर नए मोबाइल फोन भी खरीदे जाते हैं जिन्हें बाद में साइबर अपराधियों को बेच दिया जाता है। कुछ मामलों में साइबर अपराधी बैंक कर्मियों के साथ सांठगांठ करके इन दस्तावेजों से फर्जी बैंक खाते भी खुलवा लेते हैं। इन फर्जी सिम कार्डों और बैंक खातों का उपयोग फिर विभिन्न साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। राजस्थान पुलिस ने लोगों से इस नई साइबर अपराध तकनीक से बचाव के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखने का आग्रह किया है

■ सिम कार्ड और बैंक खाते खुलवाकर हो रही ठगी, संचार साथी ऐप से करें बचाव

बायोमेट्रिक या ऑनलाइन केवाईसी को प्राथमिकता दें:-जब भी आप नया सिम कार्ड लेने जाएं, तो केवल बायोमेट्रिक (अंगूठा/अंगुली चिन्ह) या ऑनलाइन केवाईसी का ही विकल्प चुनें। यह आपके दस्तावेजों के गलत इस्तेमाल की संभावना को कम करेगा।

अपने नाम से जारी सिम कार्डों की जांच करें:- आप दूरसंचार विभाग के संचार साथी एप्लीकेशन के टैफकॉप मॉड्यूल (का उपयोग करके अपने नाम/आईडी पर जारी सभी मोबाइल सिम कार्ड नंबरों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह आपको यह जानने में मदद करेगा कि कहीं आपके नाम पर कोई ऐसा नंबर तो जारी नहीं हुआ है जिसकी आपको जानकारी नहीं है। यदि आपके नाम से आपकी जानकारी के बिना कोई मोबाइल नंबर जारी हुआ है तो तुरंत दूरसंचार विभाग द्वारा बनाए गए संचार साथी एप्लीकेशन का उपयोग करके शिकायत दर्ज करें।

साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें:-

आपको ऐसी किसी घटना का पता चलता है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या अपने निकटतम पुलिस स्टेशन/साइबर पुलिस स्टेशन को सूचित करें।

पानी की मोटरों की चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

जयपुर। लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में लगी पानी की मोटरों की चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पकडा है और उसके पास से चुराई गई दो पानी की मोटर भी बरामद की गई। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशे की जरूरत के लिए चोरी की वारदात करता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की।

'संवेदनशीलता के साथ जन सेवा ही हमारा मूलमंत्र'

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ सेवा को अपना मूल मंत्र मानते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। हमने प्रदेशभर में जनसुनवाई का ऐसा तंत्र सुविकसित किया है जो परिवादो का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही जरूरतमंद को त्वरित सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराने में बेहद कारगर साबित हो रहा है। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को आत्मीयता के साथ सुना तथा अधिकारियों को उनके संतोषपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी सुराज के संकल्पों को साकार करने की दिशा में आमजन को बुनियादी सुविधाएं नियमित और निर्बाध रूप से उपलब्ध कराए। जनकल्याण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

पुलिस की छवि बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस कैशलेस

जयपुर। यातायात पुलिस की छवि को अधिक बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस कैशलेस कार्रवाई करेंगी। इसके लिए सोमवार को जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने मोटर यान अधिनियम 1988 यथा संशोधित मोटर यान (संशोधन) अनिनियम 20219 व अन्य वर्णित प्रावधानों के तहत यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही को कैशलेस किए जाने के निर्देश जारी किए है।

ये आदेश अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात योगेश दाधीच के नेतृत्व में जारी किए गए है। यातायात पुलिस उपायुक्त शहीन सी ने जानकारी देते हुए कहा की यातायात पुलिस,यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालो पर ई-चालान डिवाइस के माध्यम से कार्रवाई करेंगी। चालान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए व पुलिस की छवि को अधिक बेहतर बनाए जाने के लिए ई -चालान एप में प्रायोगिक तौर पर कैश विकल्प को डिसेबल करेंगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक डेबिट कार्ड,क्रेडिट कार्ड एवं यूपीआई के माध्यम से ही चालान का भुगतान करेंगे।

■ अब डेबिट कार्ड,क्रेडिट कार्ड एवं यूपीआई के माध्यम से होगा भुगतान

ऑन लाइन पेमेंट नहीं होने पर ऑनलाइन आरसी,लाइसेंस को डिजिटल रूप में किया जाएगा जब्त

पुलिस उपायुक्त शहीन सी ने बताया कि यदि वाहन चालक के पास पेमेंट का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नहीं तो एम परिवहन डिजी लॉकर या परिवहन विभाग के माध्यम से ऑनलाइन आरसी,लाइसेंस को डिजिटल रूप से जब्त कर पेंडिंग चालान बनाया जाएगा। जिसका भुगतान यादगार भवन,अजमेरी गेट चालान शाख,कमरा नंबर 30 व 31 में नकद राशि के साथ-साथ डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं यूपीआई के माध्यम से भुगतान किया जा सकेंगा। इसके अलावा उल्लंघनकर्ता पेंडिंग चालान को ई -चालान अधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर जमा करा सकता है।

3 हजार 570 गांजे के हरे-भरे फूल-पत्तेदार पौधे जब्त

जयपुर। जयसिंहपुरा खोर ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए ज्वार फसल की आड़ में गांजे की खेती करने वाले आरोपित खेत मालिक को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने खेत में उगाए हुए 3 हजार 570 गांजे के हरे-भरे फूल- पत्तेदार पौधे जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशी डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ज्वार की फसल की आड़ में गांजे की खेती करने वाले आरोपित खुर्शीद अहमद (72) निवासी निवासी जयसिंहपुरा खोर जयपुर को गिरफ्तार कर खेत में उगाये गये 3 हजार 570 गांजे के पौधे को उखाड़ कर बरामद किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित खेत मालिक ने अपनी 22 बीघा जमीन पर ज्वार (मौसमी) फसलों की आड़ में खेत के चारो तरफ मेड पर गांजे के पौधे उगा रखे थे।

'जयपुर की सड़कों पर मौत के गड्ढे, महापौर कर रहीं ज्योनार - जनता मांग रही हिसाब'

जयपुर। राजधानी जयपुर की जनता इन दिनों दोहरी मार झेल रही है - एक ओर टूटी-फूटी सड़कों पर जानलेवा गड्ढे हैं, तो दूसरी ओर बीजेपी की महापौर सत्ता के मद में चूर होकर ज्योनार के आयोजन में व्यस्त हैं।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब जयपुर की सड़कों पर जनता अपनी जान बचा रही है, तब महापौर जीमण के बहाने राजनीति की रोटियां सेंक रही हैं। ये आयोजन आम जन की सेवा नहीं, निजी स्वार्थ और सत्ता की भूख को पोषित करने का माध्यम बन चुके हैं।

खंडेलवाल ने कहा कि इस ज्योनार के आयोजन में बड़े-बड़े भू-माफियाओं और धनकुबेर व्यापारियों से चंदा इकट्ठा कर, महापौर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की साज़िश रच रही हैं। जनता का दु:ख-दर्द, हादसे और सड़कें - इन सबकी जगह अब इनकी प्राथमिकता सूची से गायब हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि राजधानी की महापौर को इन दिखावे के आयोजनों के स्थान पर पहले जयपुर शहर की जर्जर सड़कों की सुध ले तत्काल मरम्मत करवाई जानी चाहिए ।

■ खंडेलवाल ने कहा कि इस ज्योनार के आयोजन में बड़े-बड़े भू-माफियाओं और धनकुबेर व्यापारियों से चंदा इकट्ठा कर, महापौर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की साज़िश रच रही हैं

पिछले एक माह में गड्ढों के कारण हुई दुर्घटनाओं का विस्तृत सर्वे कर जिम्मेदार अफसरों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिएखण्डेलवाल ने इस ज्योनार आयोजन की फंडिंग की स्वतंत्र जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि जनता जानना चाहती है कि ये पैसा आया कहां से और किस उद्देश्य से खर्च हुअ गिरिराज खंडेलवाल ने जनता से भी अपील की कि वे इस दिखावटी प्रशासन और चुप बैठी भाजपा सरकार से जवाब मांगें -जयपुर की जनता को जीमण नहीं, ज़िम्मेदार शासन की आवश्यकता है।

पड़ोसी युवक ने किया महिला से दुष्कर्म

जयपुर। मोती डूंगरी थाना इलाके में पड़ोसी युवक ने एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित बदनाम करने की धमकी दी और साथ ही ब्लैकमेल कर पति को अश्लील वीडियो बनाकर भेज दी। इस संबंध में पीडिता ने थाने में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर की रहने वाली 38 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि पड़ोस में रहने के कारण आरोपित से बातचीत होती रहती थी। छह महीने पहले आरोपित के परिवार वाले खाटूश्यामजी दर्शन करने गए थे। इस दौरान रात आरोपित पड़ोसी ने गेट खट-खटाकर खुलवाया। गेट खोलने पर शराब के नशे में आरोपित पड़ोसी ने चाय पिलाने के लिए बोला। पड़ोसी होने के कारण बिना मना किए वह चाय बनाने रसोई में चली गई। आरोप है कि पीछे से आरोपित ने अकेला पाकर कमरा अंदर से बंद कर लिया। रसोई में जाकर छेड़छाड़ करने लगा। जबरदस्ती का विरोध करने पर आरोपित ने बदनाम करने की धमकी दी।

'बी गुड,सी गुड, डू गुड' पुस्तक का भव्य विमोचन

नरेन्द्र सिंह (बांये) व मधुसूदन सांई (दांये) ने पुस्तक का विमोचन किया।

बेंगलुरु। मानव मूल्यों को विद्यार्थियों में बाल्यकाल से ही विकसित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए, सत्य साई लोक सेवा गुरुकुलम संस्थानों द्वारा कक्षा 11 के छात्रों के लिए 'बी गुड,सी गुड, डू गुड' नामक पुस्तक को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

इस पुस्तक का हिंदी अनुवाद कार्य राजस्थान राज्य से चयनित एकमात्र विद्वान , भारतीय वायु सेना से सेवानिव्रत सहायक निदेशक (राजभाषा) नरेन्द्र कुमार शर्मा ने संपन्न किया। यह पुस्तक 10 जुलाई 2025 को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सत्य साई ग्राम , मुदनहल्ली , कर्नाटक स्थित सत्य साई मानव अभ्युदय विश्वविद्यालय के सभागार में भव्य समारोह के दौरान लोकार्पित की गई। इस समारोह की अध्यक्षता सद्गुरु मधुसूदन साई जी ने की, जो भगवान सत्य साई बाबा के समर्पित शिष्य एवं सत्य साई संस्थान के वर्तमान प्रेरक नेतृत्वकर्ता हैं। पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान नरेन्द्र कुमार शर्मा को सद्गुरु मधुसूदन जी साई द्वारा उनके उत्कृष्ट हिंदी अनुवाद कार्य हेतु विशेष आशीर्वाद एवं सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने छात्रों में नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने वाले इस प्रयास को राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

गृह मंत्री अमित शाह का प्रस्तावित जयपुर दौरा, सहकारिता मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा ली

जयपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 17 जुलाई को जयपुर के दादिया ग्राम में प्रस्तावित सहकार एवं रोजगार उत्सव के मध्यनजर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाएं।

■ सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करने के दिए निर्देश

सहकारिता मंत्री गौतम दक (बीच में) ने अपेक्स बैंक सभागार में तैयारियों की समीक्षा की।

दक ने कहा कि अमित शाह का यह दौरा सहकारिता की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। सहकारिता की दृष्टि से यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। दौरे को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में प्रत्येक जिले एवं प्रत्येक सहकारी संस्था से प्रतिनिधियों की भागीदारी होनी चाहिए। सभी आगन्तुकों के नाम एवं फोन नम्बर प्रभारी अधिकारियों के पास उपलब्ध होने चाहिए। साथ ही, रूट चार्ट, आगन्तुकों की सूची एवं चेक प्वाइंट्स आदि की जानकारी भी साझा कर ली जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में लोग आएंगे। ऐसे में उनकी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए।

किसी को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और जो भी व्यक्ति कार्यक्रम में आए वो यहां से अच्छी यादें लेकर जाए। दक ने आगन्तुकों के लिए भोजन, पेयजल एवं ठहरने आदि के समुचित बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर आगन्तुकों के लिए छाछ एव चाय की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर हैल्प डेस्क एवं कंट्रोल रूम स्थापित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हैल्प डेस्क और कंट्रोल रूम से जरूरतमंद को तत्काल सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कंट्रोल रूम की स्थापना कर खण्डवार 7 प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है।

दक नेलोगों को परेशानी से बचाने के लिए संकेत पट्ट लगाने के भी निर्देश दिए। दक ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई जाने वाली प्रदर्शनी को भी समुचित रूप से आयोजित करने एवं आकर्षक बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें जो भी उत्पाद हाईलाइट किए जाने हैं।

पड़ोसी ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

जयपुर। मोती डूंगरी थाना इलाके में पड़ोसी ने विवाहिता से दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीड़ियों बना कर उसे ब्लैकमेल किया। आरोपी ने दबाव बनाने के लिए विवाहिता का वीड़ियों उसके पति को वाट्स एप्प पर भेज दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने अपने पति के साथ थाने पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बयानों के आधार पर आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

थानाधिकारी अजयकांत रतूड़ी ने बताया कि जवाहर नगर इलाके में रहने वाली 38 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज कराया है कि करीब 6 महीने पहले परिवार वाले खाटू श्याम जी मंदिर में दर्शनों के लिए गए हुए थे। तभी रात करीब 11 बजे आरोपी शराब के नशे में आया और चाय पिलाने के लिए कहा। पीड़िता चाय बनाने के लिए रसोई में गई तो आरोपी युवक ने गेट बंद कर लिया और रसोई में जाकर उसके साथ छेड़छाड की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने बदनाम करने की धमकी देकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीड़ियों बना लिया। आरोपी वीड़ियों वायरल करने की धमकी देकर आए दिन उसके साथ दुष्कर्म करने लगा।

लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह, पद्मभूषण, पी.वी.एस.एम. की जयंती मनाई

जयपुर। भारतीय सेना के सेनानायक, लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह, पद्मभूषण, पी.वी.एस.एम. की जयंती के अवसर पर पृथ्वीराज चौहान सभागार, कॉन्स्टिट्ययूशन क्लब, जयपुर में एक गरिमामय श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया।

■ 15 आदिवासी बालिकाओ को उच्च शिक्षा हेतु गोद लिया फाउंडेशन ने राष्ट्र के सच्चे योद्धा को श्रद्धांजलि दी

लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह का जयंती समारोह आयोजित हुआ।

इस आयोजन में जनरल सगत सिंह के सैन्य जीवन, नेतृत्व और राष्ट्रीय योगदान को श्रद्धा और गर्व के साथ याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूजीपीएफ चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल ने की, साथ ही मंच पर डायरेक्टर ब्रिगेडियर जितेन्द्र सिंह जी, डायरेक्टर शक्ति सिंह बांदीकुई और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मेजर जनरल मांधाता सिंह पधारे और उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि सेना के इस महानायक के योगदान को वास्तविक सम्मान देने के लिए भारत रत्न से नवाजा जाये , इसके लिए पूरे देश के पूर्व सैनिक व आमजन मुहिम शुरू करे ।सगत सिंह जैसे सेनानायक युग में एक बार होते हैं। उनका साहस, संकल्प और नेतृत्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। विशेष उपस्थिति में भारतीय सेना के सबसे अधिक वीरता पदकों से सम्मानित ब्रिगेडियर सौरभ सिंह शेखावत ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मैंने अपने सैन्य जीवन में कई महायोद्धाओं के नाम सुने हैं, लेकिन सगत सिंह जैसा दृष्टा और निर्णायक योद्धा दुर्लभ है। उनके जीवन से भारत के हर युवा को प्रेरणा लेनी चाहिए। चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल ने कहा किसगत सिंह जी की सोच केवल युद्ध तक सीमित नहीं थी, वे एक राष्ट्रिनर्माता थे, जिन्होंने हर भारतीय को आत्मबल से ओतप्रोत होने का संदेश दिया।